





## एक नजर में



### रिसर्च वैज्ञानिक चौहान का किया सम्मान

**नवभारत बुधनी.** बकतरा पुलिस चौकी में नशे से दूरी है जरूरी नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान बकतरा का नाम विश्व में रोशन करने वाले कनाडा में रिसर्च साइंटिस्ट भगवत सिंह चौहान का सम्मान किया गया. अभियान के तहत भगवत सिंह चौहान ने नशामुक्ति का संदेश दिया. कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान, चौकी प्रभारी बकतरा मनोज मालवीय एवं पुलिस स्टाफ आदि उपस्थित थे.



### नशामुक्ति को लेकर विद्यालय में हुई अनेक प्रतियोगिताएं

**नवभारत शाहगंज.** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत थाना अन्तर्गत छात्रों के बीच जागरुकता कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. नगर के सांदीपनि विद्यालय में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान द्वारा छात्रों को नशे के दुष्परिणामों, नशे की सामाजिक बुराइयों एवं इससे बचने के उपायों की जानकारी दी गई. साथ ही नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 के प्रचार-प्रसार हेतु जानकारी साझा की. थाना स्टॉफ द्वारा बच्चों के लिए रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, स्लोगन लेखन तथा निबंध लेखन जैसी विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. छात्रों ने प्रेरणादायक संदेश प्रस्तुत किए. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.



### संगठन विस्तार को लेकर हुई बजरंग दल की बैठक

**नवभारत बुधनी.** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया एवं मंत्री केके तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई. बैठक में यशवंत साहू को राष्ट्रीय बजरंग दल नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इनकी इस नियुक्ति पर पंकज जाट, कुबेर ठाकुर, सनित ठाकुर, अंकित तिवारी, अनिल मेहरा, राधे अग्रवाल, सचिन मेहरा, मुकेश अहिरवार, हिमांशु मेहरा, राजेश मांझी, वीरू यादव, जीतेन्द्र साहू, विनोद गौर, निमंतराम प्रजापति, जितेन्द्र ठाकुर, नीलेश बोहित, अंकित, दीपक, अभिषेक सिंह, चन्दन सिंह, काशी यदुवंशी, विपिन ठाकुर, जीतू यादव, विशाल चौहान, शिवम रोहित आदि ने बधाई दी.



### नशामुक्ति अभियान के तहत हुई व्याख्यान प्रतियोगिता

**नवभारत सीहोर.** सीएसपी डॉ.अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में मंडी थाना द्वारा संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल मनुबेन में नशा मुक्ति अभियान के दौरान छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व जन संवाद किया गया. सभी छात्रों व शिक्षकगणों को नशा न करने से प्रोत्साहित करने के लिए शपथ दिलवाई गई. मंडी थाना द्वारा नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान के अंतर्गत स्कूल में व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रथम स्थान पर पुनम कुशवाह कक्षा 11 वीं, दूसरे स्थान पर बसकन्या कक्षा 12 वीं एवं मोहित कक्षा 12 वीं ने तृतीया स्थान हासिल किया. कार्यक्रम में सूबेदार प्राची राजपूत सहित थाना मंडी से सहायक उप निरीक्षक जगदीश मर्सकोले, अर्जुन वर्मा, दीपक, रितेश, प्राचार्य दीप सिंह राठौर, प्रकाश सगवालिया, विजय वर्मा सहित कुल छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



### युवा संगठन ने 16 बालिकाओं को वितरित की स्कूल ड्रेस

**नवभारत आष्टा.** नगर की सामाजिक संस्था युवा संगठन द्वारा मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में 16 बालिकाओं को यूनिफार्म वितरित की गई. इस अवसर पर प्राचार्य अजब सिंह राजपूत ने कहा कि शाला में गणवेश जाति, धर्म एवं अमीर गरीब का भेद मिटाती है. बच्चों के बीच समानता का भाव लाती है. डॉ मीना सिंघी ने कहा कि सामाजिक संस्थाएं इस जैसे और कार्य करें जिससे निर्धन बालिकाओं को शिक्षा में मदद मिले. इस अवसर पर सकल समाज के वरिष्ठ अनिल श्रीवास्तव, किरण रांका, नरेन्द्र कुशवाह, विपिन सिंगी, प्राचार्य अर्चना माथुर, रोहित तोमर, मोहित प्रजापति, भगवती सोनी, संगीता शुक्ला, मंजू राठौर, समता जैन, रीना टोप्पो, राकेश प्रजापति, कमलेश विश्वकर्मा, देवराज नाटले रामचंद्र प्रजापति मौजूद थे.

# अब अव्वल आने के लिए नपा ने कसी कमर

## नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सीएमओ प्रतिदिन सुबह वार्डों में जाकर देख रहे सफाई व्यवस्था

- सफाईकर्मी वार्डों में नहीं दिखे तो होगी कार्रवाई
- नपा की कार्यशैली को देखकर लोगों ने जताई प्रसन्नता

नवभारत न्यूज

**सीहोर. हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण के आए परिणामों से उत्साहित नपा ने आगामी सर्वेक्षण के लिए अभी से कमर कस ली है. स्वयं नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और मुख्य नपाधिकारी सुधीर कुमार सुबह वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं. नपाध्यक्ष की इस कार्यशैली की लोग सराहना कर रहे हैं तथा वार्डों की समस्याओं की ओर उनका ध्यान भी आकर्षित करा रहे हैं.**



**सीहोर.** नगर की सफाई व्यवस्था का जाएजा लेने नगरपालिक अध्यक्ष व सीएमओ प्रतिदिन सुबह वार्डों का भ्रमण कर रहे हैं.

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में सीहोर की नपा को मिली बेहतरीन उपलब्धि ने नपाध्यक्ष सहित नपा के अधिकारी व कर्मचारियों के प्रोत्साहित कर दिया है. गौरतलब है कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में सीहोर नपा ने 50 हजार से 3 लाख तक की आबादी वाले कुल 824 निकायों में देश में छठवां और प्रदेश के कुल 56 निकायों में सातवां स्थान हासिल किया है. इस परिणाम से उत्साहित नगरपालिका आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए अभी से जुट गई है. यही कारण है कि नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर स्वयं शहर की सफाई व्यवस्था की मानीटरिंग करने लगे हैं.

रोजाना सुबह वह दुपहिया वाहन से शहर के विभिन्न वार्डों का जायजा लेने निकल रहे हैं. उनके साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सहित स्वास्थ्य शाखा के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं. इस दौरान नपाध्यक्ष द्वारा वार्डों में जाकर वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं व साफ सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की जा रही है तो शासन की योजनाओं पीएम आवास योजना आदि के बारे में भी पूछताछ की जा रही है. इसके सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं. अगर कोई हितग्राही पात्र होने के बाद भी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहा है तो अध्यक्ष और सीएमओ की पहल पर उन्हें इसका लाभ तुरंत मिल रहा है.

मंगलवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर वार्ड क्रमांक 13 में पहुंचे. यहां के वह पार्षद भी हैं. इस मौके पर वार्ड में जब सफाईकर्मी नहीं दिखे तो उन्होंने मोबाइल लगाकर दरोगा को मौके पर बुलाया और सख्त हिदायत दी कि अगर किसी ने भी सफाई करने में कोताही बरती तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. सीएमओ ने भी निर्देश दिए कि आगामी वर्ष होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए सभी को अभी से समन्वित प्रयास करना पड़ेंगे तभी हमारी नपा अव्वल आ सकेगी. अगर जरा भी लापरवाही बरती तो इससे सभी का नुकसान होगा. नपाध्यक्ष राठौर ने सभी सफाई मित्रों से कहा कि उनके समन्वित सहयोग से ही नपा देश में नंबर एक बन सकती है बस वह अपना कर्तव्य न भूलें.

### अध्यक्ष के सामने ही सड़क पर कचरा फेंका

नगर के सभी 35 वार्डों में कचरा संग्रहण करने के लिए 37 कचरा वाहन नियमित पहुंच रहे हैं. इसके बाद भी कई लोगों में सफाई को लेकर जागरुकता का अभाव बना हुआ है. आज भी जब नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और नपाधिकारी सुधीर कुमार वार्डों का निरीक्षण कर रहे थे तभी एक घर से महिला बाहर निकली और कचरा सड़क किनारे फैंक दिया. यह देख नपाध्यक्ष आदि रुके और महिला को बाहर बुलाकर उनके कृत्य पर नाराजगी जताई. नपाध्यक्ष प्रिंस ने कहा कि अगर लोग ऐसे ही कचरा सड़क पर फैंकेंगे तो हमारा शहर स्वच्छ कैसे रहेगा. महिला ने अपनी भूल स्वीकारते हुए आगे से कचरा वाहन में ही डालने की बात कही.

## मूंग तुलाई में लापरवाही, किसान हो रहे परेशान



**बुधनी.** समर्थन केन्द्रों में मूंग तुलाई के लिए किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर सुबह 4 बजे से वेयरहाउस में लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं. लेकिन 11 बजे तक तुलाई प्रारंभ नहीं की जा सकी. बारिश के बावजूद ट्रैक्टर-ट्राली खुले आसमान के नीचे खड़े रहे. देरी से ही सही लेकिन सरकार द्वारा मूंग तुलाई प्रारंभ हो गई है. मंगलवार को ग्राम जोशीपुर के भाग्यश्री वेयरहाउस पर सैकड़ों ट्रालियों की लाइन लगी हुई थी. अचानक बारिश आ गई. किसान ने तिरपालों से फसल को बचाते रहे, लेकिन 11 बजे तक तुलाई प्रारंभ नहीं हुई. एफएक्यू मापदंड भी किसानों के लिए परेशानी उत्पन्न कर रहा है. कई किसानों के सैंपल रिजेक्ट हो रहे हैं. ग्राम जैत निवासी राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि उनकी मूंग थ्रेसर से निकाली गई है. लेकिन वेयरहाउस पर रिजेक्ट कर दी गई. जहाजपुरा के किसान दीनदयाल मीणा ने बताया कि सुबह 4 बजे से खड़ा हूं. साढ़े 11 बजे तक सर्वेयर नहीं आया.

## नकली दवा विक्रेता व कंपनी पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**आष्टा.** किसानों को नकली फफूंदनाशक दवा बेचने के अपराध में किसानों की शिकायत पर पुलिस ने स्थानीय दवा विक्रेता सहित तीन निर्माता कंपनी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत किसानों ने फसल खराब होने पर सुपर-709 नामक फफूंदनाशक दवा की गुणवत्ता को लेकर पुलिस में शिकायत की थी. जांच में पाया गया कि इस दवा का निर्माण यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज, नागपुर द्वारा किया गया था, जिसे अंबिका पाटीदार ट्रेडर्स के माध्यम से किसानों को बेचा गया. उप संचालक कृषि द्वारा संबंधित कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था. किंतु कंपनी द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया. इस मामले में सोमवार को किसानों द्वारा तहसील के सामने धरना भी दिया गया था.

आखिरकार किसानों की शिकायत और शासन के आदेश का उल्लंघन करने पर पुलिस ने सुष्मिता राय प्रबंध निदेशक यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज नागपुर, विश्वास गोवर्धन धोने सह-प्रबंधक यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज व मुकेश पाटीदार प्रोप्राइटर अंबिका पाटीदार ट्रेडर्स के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है.

## हाईवे पर पुलिया के नीचे युवक का शव मिलने से सनसनी

- मृतक के कपड़े पुलिया के दूसरे छोर पर रखे मिले
- शव के एक से दो दिन पुराना होने की संभावना

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** मंगलवार की दोपहर भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित ग्राम नपाली- जताखेड़ा के समीप पुलिया के नीचे पानी में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. सूचना मिलने पर पहुंची मंडी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए शव की शिनाख्त के प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं.

जानकारी के अनुसार मंडी थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम जताखेड़ा के समीप बहने वाली नदी में एक व्यक्ति का शव तैरता नजर आने पर वहां सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाते हुए उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी. पुलिस सूत्रों की मानें तो लगभग 30 वर्षीय युवक का शव एक से दो दिन पुराना है. मृतक के कपड़े पुलिया की दूसरी तरफ रखे पाए गए हैं तथा उसकी जेब में एक निजी बस का टिकट भी मिला है. संभावना जताई जा रही है कि



मृतक नहाने के लिए पानी में उतरा होगा और डूब गया होगा. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजते हुए शिनाख्त के प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं. गौरतलब है कुछ साल पूर्व इसी नदी में एक कार गिरने से उसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई थी. इस दौरान एक महिला का शव तो सैकड़ों किलोमीटर दूर मिला था.

## ट्रेन स्टॉपेज होने पर किया स्वागत

**सीहोर.** आखिरकार सीहोर को एक और ट्रेन के स्टॉपेज की सौगात मिल गई है. काचीगुड़ा से भगत की कोठी ट्रेन का सीहोर में सोमवार से स्टॉपेज होने पर प्रधानमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया गया. इस मौके पर राजेन्द्र सिंह परमार, जितेन्द्र भाटी, आशीष मेवाड़ा, विष्णु परमार, नरेन्द्र परमार, वीरेन्द्र ठाकुर, परम जाट, योगेश जाट, सुमित जाट, शुभम, लोकेन्द्र हाड़ा, पंकज परमार, नरेंद्र, जितेन्द्र कुशवाह ने लोको पायलट और स्टेशन मास्टर का स्वागत किया.

## कारगिल विजय दिवस मनाकर किया सैनिकों का सम्मान





नवभारत न्यूज

**सीहोर.** एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन पीजी कॉलेज में किया गया. कार्यक्रम में 11 शहीद सैनिक परिजनों का सम्मान कर उन्हें उपहार भेंट किए गए. साथ ही शहीद सैनिकों के अध्ययनरत बच्चों को स्टेशनरी पैकेज भी वितरण किए गए.

समारोह में ब्रिगेडियर आर विनायक एवं डॉ. जयलक्ष्मी विनायक द्वारा कारगिल युद्ध के स्मरण सुनाए गए एवं प्रतिपल सैनिक परिवारों के हित में काम करने का संकल्प व्यक्त किया.

जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा सैनिक परिवारों की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अवगत करा कर समाधान का आश्वासन दिया.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी परिवार की भावना के अनुसार भारतीय शहीद सैनिकों की स्मृति में जिला मु यालय पर भव्य शहिद गैलरी स्थापित करने का वचन दिया.समाजसेवी सन्नी महाजन ने सहयोग का विश्वास जताया. इस मौके पर कैप्टन जेएन प्रसाद, एसएस रावत, केएम शर्मा, उज्जैन संभाग प्रभारी लाखन सिंह राजपूत, उमाशंकर आर्य सूबेदार दिनेश गुप्ता, मोहन सिंह चंद्र, बलराम सिंह वर्मा, कृष्णा मेवाड़ा, ज्ञानसिंह सोनिया सहित सीहोर, आष्टा, भोपाल, देवास, शुजालपुर, राजगढ़ से आए सैनिक एवं परिजन उपस्थित थे.

## पीएमश्री में नशा मुक्त भारत पर कार्यशाला

**सीहोर.** पीएमश्री विद्यालय में नशा मुक्त भारत विषय पर कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर उमेश पंसारी द्वारा विद्यार्थियों को नशे का परिचय, प्रकार, दुष्परिणाम, कारण, कारक और निवारण आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया. इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की थैरेपी, काउंसलिंग और भारत सरकार द्वारा जारी डीएडिक्शन हेल्पलाइन नंबर 14446 के बारे में भी बताया गया. कार्यशाला में प्राचार्य पूजा श्रीवास्तव, खेल प्रशिक्षक सुजीत सहित पवन एवं हरिओम आदि उपस्थित थे.

## कृषि उपज मंडियों की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

- कलेक्टर ने बैठक में मातहत अधिकारियों को दिए निर्देश
- मंडियों के सभी प्रकार के कार्य ऑनलाइन करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के की अध्यक्षता में जिले के सभी कृषि उपज मंडी सचिवों की बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर बालागुरू के ने मंडियों के संचालन, किसानों की सुविधा एवं पारदर्शिता के संबंध में मंडी सचिवों से चर्चा की.

उन्होंने सभी मंडी सचिवों से कहा कि किसानों को मंडी में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो. मंडियों की प्रक्रियाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाए. सभी कृषि उपज मंडियों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए और जहां अतिक्रमण है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए. मंडियों की रिक्त भूमि का उपयोग करने की योजना बनाने तथा नामांतरण से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए. मंडियों में सभी प्रकार के कार्य ऑनलाइन किए जाएं. ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और किसानों को त्वरित सेवाएं मिल सकें. सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली किसानों की शिकायतों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए. किसानों को उपज का भुगतान समय पर किया जाए तथा कोई भी भुगतान लंबित न रखने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने मंडी सचिवों से कहा कि वे नियमित मंडियों का भ्रमण करें और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें. उन्होंने किसानों के लिए स्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए. इसके साथ ही मंडी के आय-व्यय का लेखा-जोखा रखने के भी निर्देश दिए. बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सचिव उपस्थित थे.

## मनुष्य की अंतरदृष्टि ही उसे बनाती श्रेष्ठ : शर्मा

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में महर्षि वेदव्यास पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ रोहिताश्व शर्मा ने बताया कि गुरू का व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व है. गुरू ही है. जो अंधकार से प्रकाश का मार्ग प्रशस्त करता है मनुष्य की अंतर दृष्टि ही उसे श्रेष्ठ बनाती है.

डॉ शोभा पीडी चांडक ने कहा कि गुरु शिष्य की परंपरा का जीवंत रहना परम आवश्यक है. प्राचार्य डॉ मंजरी अग्निहोत्री ने बताया वर्तमान परिवेश में शिक्षा का स्वरूप बदलता जा रहा है. वैश्विक परिवेश में यदि आगे बढ़ाना है तो नवीन शिक्षा पद्धति को अपनाना होगा. इसी प्रकार डॉ. कलिका डोलस, डॉ पूजा कश्यप द्वारा भी संबोणित किया गया. इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. कैलाश विश्वकर्मा, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया.

**उदासीनता** — पालकों व शिक्षकों का मानना दो पारियों में संचालित हो स्कूल

## सांदीपनि विद्यालय के एक हजार बच्चों के बैठने के लिए महज 13 कमरे


नवभारत न्यूज

**बुधनी.** नगर के सांदीपनि विद्यालय में लगभग एक हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं और बैठक व्यवस्था के लिए मात्र 13 कमरे उपलब्ध हैं. जो स्कूल प्रबंधन के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है. लगभग हजार बच्चों को इन 13 कमरों में बैठाकर अध्ययन करवाना बड़ी चुनौती साबित हो रहा है.

स्कूल का नया भवन नगर से कुछ ही दूरी बांसापुर में निर्माणाधीन है. लेकिन अभी काम पूरा होने तक इस समस्या से निजात पाने के लिए स्कूल प्रबंधन को दो पारियों में कक्षाएं लगाई जाना चाहिए जिसमें हजार बच्चों को संतुलित किया जा सके. सांदीपनि विद्यालय में प्राथमिक से लेकर 12 वीं कक्षा तक के 990 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं. इन पर 28 शिक्षक शिक्षिकाएं, 12 अतिथि और 02 अन्य यानी लगभग पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं.

छठवीं कक्षा में 87, सातवीं कक्षा में 90, आठवीं कक्षा में 95, नौवीं कक्षा में 140, दसवीं कक्षा में 90, 11 वीं में 150, और 12 वीं में 109, छात्र-छात्राएं एक ही कमरे में बैठते हैं. इन कमरों का साइज भी कम है. इस समस्या से निजात पाने के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा कक्षाओं को दो पारी में लगाया जा सकता है. इस मामले को लेकर स्कूल प्रबंधन ने कई बार उच्च अधिकारियों को लिखित रूप में भी अवगत कराया है. पालक शिक्षक संघ की बैठक में भी इसे प्रस्तावित किया जा चुका है. इसके बाद भी अब तक दो पारियों में स्कूल लगाने की अनुमति नहीं दी गई है.

हाल ही में स्कूल में



आयोजित कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे, जिसमें स्कूल प्रबंधन ने इस मांग को लेकर प्रमुखता से अवगत कराया था. विधायक भार्गव ने इस समस्या को जल्द ही हल करवाने का आश्वासन दिया है.

## विराट 108 गायत्री दीप महायज्ञ कल

**सीहोर.** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मातृशक्ति वर्ष एवं दिव्य अखंड दीप की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में नूतन हायर सेकेण्ड्री स्कूल परिसर में विराट 108 वेदिय गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा. इस मौके पर गायत्री परिवार और क्षेत्रवासियों द्वारा दिव्य अनुष्ठान किया जाएगा. गायत्री परिवार के सुरेश त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को अमावस्या पर शहर के नूतन हायर सेकेण्ड्री स्कूल परिसर में विराट 108 वेदिय गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है.